# दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
# गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित **'B++'** श्रेणी)

*सम्बद्ध*

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in


दिनांक : 12.04.2025

## प्रकाशनार्थ

**दिनांक 12.04.2025 गोरखपुर। दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य संकाय के द्वारा विदाई एवं स्वागत समारोह का आयोजन किया गया।** इस कार्यक्रम में बी.कॉम. प्रथम एवं बी.कॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा बी. कॉम तृतीय वर्ष तथा एम.कॉम प्रथम वर्ष के विद्यार्थीयों द्वारा एम.कॉम अंतिम वर्ष के छात्र–छात्राओं के विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में छात्र–छात्राओं ने शानदार प्रस्तुति देकर सबको ताली बजाने पर मजबूर कर दिया।

**अध्यक्षीय उद्‌बोधन में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि** विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए महाविद्यालय में पठन–पाठन के साथ–साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का होना आवश्यक है तथा विद्यार्थियों को परम्परा का संरक्षण करते हुए आधुनिकता को अपनाना चाहिए उन्होंने कहा कि वाणिज्य विषय बहुत ही प्रासंगिक है वाणिज्य विभाग के विद्यार्थियो के लिए विभिन्न क्षेत्रो जैसे बैंकिंग, मार्केटिंग, फाइनेंस, डिजिटल मार्केटिंग, ई.कॉमर्स में रोजगार के अवसर उपलब्ध है।

मिस्टर फ्रेशर अंकित मद्धेशिया और मिस फ्रेशर आराधना बी.कॉम प्रथम वर्ष एवं मिस्टर फेयरवेल आदर्श सिंह और मिस फेयरवेल अनीशा बी.कॉम तृतीय वर्ष एवं मिस्टर फ्रेशर सत्यव्रत विश्वकर्मा और मिस फ्रेशर दिव्यांशी एम.कॉम प्रथम वर्ष एवं मिस्टर फेयरवेल रमन शुक्ला और मिस फेयरवेल ग्रेसी मिश्रा एम.कॉम अंतिम वर्ष को चुना गया। आभार ज्ञापन वाणिज्य विभाग के प्रभारी डॉ संजीव कुमार सिंह ने किया।

**इस अवसर पर मनोविज्ञान विभाग के प्रभारी डॉ. विवेक शाही, अर्थशास्त्र विभाग के प्रभारी डॉ. दीपक सिंह, शिक्षा शास्त्र विभाग की प्रभारी डॉ. निधि राय एवं विभाग के शिक्षक डॉ अखंड प्रताप सिंह डॉ. त्रिभुवन मिश्रा डॉ श्याम सिंह, डॉ. कुलदीप पाण्डेय एवं वाणिज्य विभाग के शिक्षक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. चंडी प्रसाद पांडे, श्री दीपक कुमार साहनी, डॉ. अभय कुमार मालवीय एवं डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।**

**(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह**
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क